भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 789 का उत्तर

## रेलवे में तकनीकी भर्तियां

789. श्री ए. राजा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु सहित देश में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों और अमृत भारत ट्रेनों की सूची क्या है;

(ख) देश में हाई स्पीड एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का विनिर्माण करने वाले रेल डिब्बा कारखानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का रेलवे में सभी तकनीकी भर्तियों में आईसीएफ पेरम्बूर सहित ऐसे क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का विचार है जहां, रेल डिब्बों का निर्माण किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान 1 जनवरी, 2026 तक दक्षिणी रेलवे में नियमित और अनुबंध के आधार पर भर्ती किए गए कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): चूँकि रेल नेटवर्क राज्य सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकतानुसार ऐसी सीमाओं के आर-पार रेलगाड़ियां चलाई जाती हैं। बहरहाल, दिनांक 29.01.2026 की स्थिति के अनुसार भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 164 वंदे भारत (कुर्सी यान), 02 वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस और 54 अमृत भारत रेलगाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं:

**<u>वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी सेवा:</u>**

| क्र.सं. | गाड़ी सं. और नाम |
|---|---|
| 1 | 27575/27576 हावड़ा - कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस |

**<u>वंदे भारत (कुर्सी यान) रेलगाड़ी सेवा:</u>**

| क्र.सं. | गाड़ी सं. और नाम |
|---|---|
| 1 | 22435/22436 नई दिल्ली - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 22439/22440 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 20901/20902 गांधीनगर कैपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 22447/22448 अंब अंदौरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 20607/20608 मैसूरु-एमजीआर चेन्नै सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 20825/20826 नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 22301/22302 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 20833/20834 सिकंदराबाद-विशाखपत्तणम वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 9 | 22223/22224 साई नगर शिरडी-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 10 | 22225/22226 सोलापुर-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 11 | 20171/20172 निज़ामुद्दीन - रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 12 | 20701/20702 तिरुपति-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 13 | 20643/20644 कोयंबटूर-चेन्नै वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 14 | 20977/20978 चंडीगढ़- अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 15 | 20633/20634 तिरुवनंतपुरम - कासरगोड वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 16 | 22895/22896 पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 17 | 22457/22458 देहरादून-आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 18 | 22227/22228 गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 19 | 20911/20912 नागपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 20 | 22229/22230 मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 21 | 22349/22350 रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 22 | 20661/20662 धारवाड़-बेंगलुरू वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 23 | 20173/20174 रीवा-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 24 | 22549/22550 गोरखपुर - प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 25 | 12461/12462 साबरमती-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 26 | 22925/22926 ओखा-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 27 | 20665/20666 तिरुनेलवेली-चेन्नै एग्मोर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 28 | 20677/20678 नारसापुर-चेन्नै वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 29 | 20703/20704 यशवंतपुर-काचीगुडा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 30 | 20631/20632 तिरुवनंतपुरम-मंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 31 | 20979/20980 जयपुर-उदयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 32 | 22347/22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 33 | 20835/20836 पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 34 | 20897/20898 रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 35 | 22415/22416 नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 36 | 20641/20642 कोयंबटूर- बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 37 | 20645/20646 मंगलूरु-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 38 | 20705/20706 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) - नांदेड़ वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 39 | 22477/22478 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 40 | 22425/22426 आनंद विहार - अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 41 | 22487/22488 अमृतसर- दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 42 | 22962/22961 मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 43 | 20707/20708 विशाखपत्तणम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 44 | 20663/20664 चेन्नै-मैसूरु वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 45 | 22233/22234 पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 46 | 22470/22469 खजुराहो-निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 47 | 22231/22232 बेंगलुरु-कलबुरगि वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 48 | 20841/20842 विशाखपत्तणम-भुवनेश्वर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 49 | 22345/22346 गोमतीनगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 50 | 20887/20888 वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 51 | 22545/22546 देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 52 | 22490/22489 वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 53 | 20981/20982 आगरा कैंट-उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 54 | 20627/20628 नागरकोइल-चेन्नै एग्मोर जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 55 | 20671/20672 बेंगलुरु कैंट-मदुरै वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 56 | 22500/22499 देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 57 | 22309/22310 जमालपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 58 | 20871/20872 राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 59 | 21893/21894 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 60 | 20892/20891 टाटानगर - ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 61 | 22303/22304 गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 62 | 20669/20670 पुणे-हुब्बल्लि जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 63 | 20673/20674 पुणे-छत्रपति साहु महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 64 | 20101/20102 सिकंदराबाद-नागपुर  वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 65 | 20829/20830 विशाखपत्तणम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 66 | 21893/21894 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 67 | 21895/21896 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 68 | 20175/20176 बनारस - आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 69 | 26901/26902 वेरावल-साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 70 | 26401/26402 श्रीनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 71 | 26404/26405 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 72 | 26502/26503 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 73 | 26751/26752 केएसआर बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 74 | 26406/26407 अमृतसर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 75 | 26101/26102 पुणे - अजनी वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 76 | 26302/26301 जोगबनी - दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 77 | 26481/26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर - वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 78 | 26471/26472 दिल्ली कैंट-बीकानेर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 79 | 26462/26461 दिल्ली - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 80 | 26651/26652 एरणाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 81 | 26506/26505 खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 82 | 26504/26503 सहारनपुर - गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस |

<u>अमृत भारत:</u>

| क्र.सं. | गाड़ी सं. और नाम |
|---|---|
| 1 | 11015/11016 लोकमान्य तिलक (टी)-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 13697/13698 गया - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 15293/15294 मुज्जफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 15557/15558 दरभंगा - आनंद विहार(टी) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 15561/15562 दरभंगा - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 15567/15568 बापूधाम मोतिहारी- आनंद विहार(टी) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 22361/22362 राजेंद्रनगर (टी) - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 13433/13434 एसएमवीटी बेंगलुरू- मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 9 | 13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 10 | 15133/15134 छपरा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 11 | 14047/14048 सीतामढ़ी - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 12 | 14627/14628 सहरसा - छेहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 13 | 19623/19624 मदार - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 14 | 16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 15 | 19021/19022 उधना - ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 16 | 15671/15672 कामाख्या - रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 17 | 20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी- तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 18 | 16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरू - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 19 | 11031/11032 पनवेल - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 20 | 16107/16108 तांबरम - संतरागाछी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 21 | 13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 22 | 22587/22588 सियालदाह - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 23 | 20603/20604 न्यू जलपाइगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 24 | 15949/15950 डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 25 | 16121/16122 तांबरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 26 | 16329/16330 नागरकोविल - मेंगलुरू अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 27 | 17041/17042 चर्लपल्लि - तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस |

निम्नलिखित 16 वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं (कुर्सी यान) और 12 अमृत भारत गाड़ी सेवाएं आरंभिक/अंतिम आधार पर तमिलनाडु में स्थित स्टेशनों की जरूरतों को पूरा कर रही है:

वंदे भारत:

| क्र.सं. | गाड़ी सं. और वंदे भारत सेवा का नाम |
|---|---|
| 1 | 20671/20672 मदुरै-बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 20627/20628 चेन्नै एग्मोर-नागरकोइल- जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 20663/20664 मैसूरु- एमजीआर चेन्नै सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 20642/20641 कोयंबटूर- बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 20665/20666 चेन्नै एग्मोर-तिरुनेलवेली वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 20677/20678 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल -नारसापुर- वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 20643/20644 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 20607/20608 एमजीआर चेन्नै-मैसूरु सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस |

अमृत भारत:

| क्र.सं. | गाड़ी सं. और नाम |
|---|---|
| 1 | 16121/16122 तांबरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी- तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 16329/16330 नागरकोविल - मेंगलुरू अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 16107/16108 तांबरम - संतरागाछी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस |

इसके अतिरिक्त, किसी भी मार्ग/रेलखंड पर वंदे भारत रेल सेवाएं और अमृत भारत रेल सेवाएं उनके प्रकार सहित नई रेलगाड़ियों को शुरू करना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिसमें निम्नलिखित शामिल है:

- उस रेलखंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपल्ब्धता
- चल स्टॉक के लिए अनुकूल अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

उत्पादन इकाइयां:

वर्तमान में, रेल मंत्रालय के अधीन 3 सवारी डिब्बा विनिर्माण इकाइयां वंदे भारत ट्रेनसेट, अमृत भारत रेलगाड़ियां, नमो भारत रेलगाड़ियों, रेपिड और प्रादेशिक मेट्रो रेक, कोलकाता मेट्रो रेक और मुख्य लाइन एलएचबी सवारीडिब्बों का निर्माण कर रही हैं। ये सवारी डिब्बा विनिर्माण कारखाने निम्नानुसार है:

1. सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै
2. रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला
3. आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भर्ती

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन महत्व को ध्यान में रखते हुए पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। नियमित परिचालन, प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों, यंत्रीकरण और नवोन्मेषी पद्धतियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति मुहैया कराई जाती है। इन रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक और प्रौद्योगिकीय संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे द्वारा भर्ती एजेन्सियों को मांग पत्र भेजकर भरा जाता है।

चूंकि रेलवे केंद्रीय सरकार का एक संगठन है, अतः यह अखिल भारतीय आधार पर भर्ती आयोजित करती है। यह लोक नियोजन के मामलों में समानता के अधिकार के सांविधिक उपबंधों के अनुरूप है। प्रत्येक अभ्यर्थी, चाहे उसका लिंग, भाषा, जन्म स्थान, क्षेत्र आदि कुछ भी हो, यदि वह पात्रता के मानदंड को पूरा करता है, तो आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है। वे सभी अभ्यर्थी, जिनमें स्थानीय अभ्यर्थी भी शामिल हैं, जो केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाओं के अंतर्गत आवेदन करते हैं, उन्हें रेलवे में भर्ती के लिए समान अवसर दिया जाता है। किसी भी राज्य या क्षेत्र के अभ्यर्थियों को कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती और न ही भर्ती किसी विशेष राज्य या क्षेत्र तक सीमित होती है।

वर्तमान में, वार्षिक कैलेंडर 2024 और 2025 के अनुसार भारतीय रेल में 143086 रिक्तियों पर अराजपत्रित कर्मचारियों की भर्तियां शुरू की गई हैं।

सहायक लोको पायलटों (एएलपी), तकनीशियन ग्रेड-1 सिगनल सहित तकनीशियनों, रेलवे सुरक्षा बल (रे.सु.ब.) में उप-निरीक्षक और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर (जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस)/रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए), पैरामेडिकल कोटियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय

कोटियों (स्नातक-स्टेशन मास्टर सहित), गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (पूर्व-स्नातक), अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और लेवल-1 कोटियों जैसे सहायक, ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्समैन के पदों को भरने के लिए जनवरी से दिसम्बर 2024 के दौरान 92,116 रिक्तियों के लिए (दक्षिण रेल के लिए 6927 और सवारी डिब्बा कारखाना के लिए 1395 की भर्तियों सहित) दस केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई थीं।

59,678 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पूरी की जा चुकी है। इनका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 18,40,347 | 156 | 15 |
| तकनीशियन के पद (14,298 रिक्तियां तकनीशियन ग्रेड-1 सिगनल सहित) हेतु सीबीटी | 26,99,892 | 139 | 15 |
| जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 11,01,266 | 146 | 15 |
| रे.सु.ब.- एस.आई के पद (452 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 15,35,635 | 143 | 15 |
| रे.सु.ब. - कांस्टेबल के पद (4208 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 45,30,288 | 147 | 15 |
| पैरामेडिकल कोटियों (1376 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 7,08,321 | 143 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-स्टेशन मास्टर सहित) (8113 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 58,41,774 | 141 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) (3445 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 63,27,473 | 157 | 15 |
| अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों हेतु सीबीटी (1,036 रिक्तियां) | 4,46,013 | 139 | 15 |
| कुल अभ्यर्थी | 2,50,31,009 | | |

सहायक लोको पायलट, जेई/डीएमएस/सीएमए और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के पदों के लिए द्वितीय चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) भी पूरी कर ली गई है। इनका ब्यौरा इस प्रकार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 2,66,363 | 112 | 15 |
| जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 1,17,339 | 118 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) (8113 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 1,21,931 | 129 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) (3445 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 51,978 | 79 | 15 |
| कुल अभ्यर्थी | 5,57,611 | | |

सहायक लोको पायलट (एएलपी) और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) पद के लिए कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा (सीबीएटी) तथा गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक), अनुसचिवीय और पृथक कोटियों के लिए कंप्यूटर आधारित कुशलता परीक्षा भी पूरी कर ली गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु सीबीएटी | 1,32,044 | 84 | 2 |
| अनुसचिवीय और पृथक कोटियों के लिए अनुवाद परीक्षा | 1,233 | 8 | 2 |
| गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के लिए सीबीएटी | 13,616 | 38 | 2 |
| गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण कुशलता परीक्षा (सीबीटीएसटी) | 30,341 | 58 | 2 |
| कुल अभ्यर्थी | 1,77,234 | | |

लेवल-I कोटियों के 32,438 रिक्तियों हेतु प्रथम चरण सीबीटी दिनांक 27.11.2025 से 15 भाषाओं में 140 शहरों में शुरू की गई है। कांस्टेबल (रे.सु.ब.) के 4,208 पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) दिनांक 06.12.2025 को पूरी कर ली गई है।

31,000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए पैनल, जिसमें तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरा मेडिकल कोटियों, उप-निरीक्षक (आरपीएफ) और सहायक लोको पायलट के पद शामिल हैं, को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश संरक्षा कोटियां हैं।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 50970 रिक्तियों (दक्षिण रेलवे की 3412 रिक्तियां और सडिका के लिए 438 रिक्तियों सहित) के लिए नौ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएँ भी जारी की गई हैं। इनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या | पद का नाम | अधिसूचित की गई रिक्तियों की संख्या | अधिसूचना जारी करने का माह |
|---|---|---|---|
| 01/2025 | सहायक लोको पायलट | 9,970 | मार्च 2025 |
| 02/2025 | तकनीशियन | 6,238 | जून 2025 |
| 03/2025 | पैरा मेडिकल कोटि | 434 | जुलाई 2025 |
| 04/2025 | सेक्शन कंट्रोलर | 368 | अगस्त 2025 |
| 05/2025 | जूनियर इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक | 2,585 | अक्टूबर 2025 |
| 06/2025 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) | 5,810 | अक्टूबर 2025 |
| 07/2025 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) | 3,058 | अक्टूबर 2025 |
| 08/2025 | पृथक कोटियां | 312 | दिसंबर 2025 |
| 09/2025 | स्तर-1 | 22195 | दिसंबर 2025 |

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर कर्मियों और संसाधनों को जुटाने तथा जनशक्ति के प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों का सामना किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक संचालन किया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक होने या इसी तरह के कदाचार की कोई घटना सामने नहीं आई है।

वर्ष 2004-2005 से 2013-2014 की तुलना में 2014-2015 से 2024-2025 के दौरान भारतीय रेल में की गई भर्तियों का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:-

| अवधि | भर्तियां* |
|---|---|
| 2004-2005 से 2013-2014 तक | 4.11 लाख |
| 2014-2015 से 2024-2025 तक | 5.08 लाख |

*स्तर-1 और संरक्षा संबंधी पदों सहित।

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर शुरू होने से अभ्यर्थी निम्नानुसार लाभान्वित हो रहे हैं:

- अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;
- प्रति वर्ष योग्यता प्राप्त करने वालों को अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।

भारतीय रेल अपनी विभिन्न परिसंपत्तियों, जिनमें स्टेशन, सवारी डिब्बे, मालडिब्बे, कोचिंग डिपो, रेलइंजन, रेलपथ आदि शामिल हैं, के सृजन, मरम्मत और अनुरक्षण के लिए व्यापक निर्माण कार्य निष्पादित करती है। ये निर्माण कार्य विभागीय रूप से या बाहरी एजेंसियां नियुक्त करके निष्पादित किए जाते हैं।

कार्यों की तात्कालिकता को देखते हुए, रिक्त पदों पर नियमित पदधारी के कार्यभार ग्रहण करने तक कामचलाऊ व्यवस्था के तौर पर संविदागत नियुक्ति की जाती है। ये संविदात्मक नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी और सीमित समय के लिए होती हैं और प्रचलित नियमों एवं कार्यपद्धतियों के अनुसार नियमित चयन के जरिए पदों के भरे जाने तक सुगम रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु की जाती हैं।

******